सरस डेयरी में एयर स्ट्राइक से आग लगने की आपात स्थिति का मॉक ड्रिल, तैयारियां परखी

मेडिकल टीम ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने का अभ्यास किया

भीलवाड़ा। जिले में आपातकालीन परिस्थितियों के दौरान त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों की तत्परता परखने के लिए सोमवार को अजमेर रोड स्थित सरस डेयरी परिसर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। नागरिक सुरक्षा विभाग जयपुर और जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार यह अभ्यास एयर स्ट्राइक से आग लगने जैसी संभावित आपात स्थिति के मॉडल पर आधारित रहा।

अभ्यास के दौरान आपातकालीन सायरन बजते ही ब्लैकआउट प्रोटोकॉल के तहत एहतियातन बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। एयर स्ट्राइक से आग लगने की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, नागरिक सुरक्षा दल, अग्निशमन विभाग, एसडीआरएफ और मेडिकल टीम ने संयुक्त रूप से मोर्चा संभाला और कम समय में मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव तथा अग्निशमन का अभ्यास किया।

मॉक ड्रिल के तहत प्रभावित व्यक्तियों को सुरक्षित निकालने, घायलों को प्राथमिक उपचार देने और उन्हें अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया का अभ्यास किया गया। एसडीआरएफ ने निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर प्रभावितों व घायलों को बाहर निकाला, वहीं मेडिकल टीम ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर आगे के उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने की कार्रवाई का अभ्यास किया। इस दौरान विभिन्न विभागों के बीच सूचना के त्वरित आदान-प्रदान, संसाधनों के उपयोग और समन्वय व्यवस्था का भी आकलन किया गया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) डॉ. सुश्री हरितिमा ने बताया कि अभ्यास का उद्देश्य एयर स्ट्राइक जैसी आकस्मिक व चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, चिकित्सा विभाग और अन्य संबंधित एजेंसियों की तत्परता, कार्यक्षमता व आपसी समन्वय को परखना रहा।



सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, नागरिक सुरक्षा दल, अग्निशमन विभाग, एसडीआरएफ और मेडिकल टीम ने संयुक्त रूप से मोर्चा संभाला ।

- आपातकालीन सायरन बजते ही ब्लैकआउट ोटोकॉल के तहत एहतियातन बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई
- कम समय में दमकल ने मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव किया

कृषि विभाग ने 29 विक्रेताओं को नोटिस थमाया

बांसवाड़ा । जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अवैध परिवहन की आशंका को देखते हुए कृषि विभाग ने सख्त कार्यवाही शुरू कर दी है। कृषि विस्तार संयुक्त निदेशक कैलाशचन्द्र मीना ने बताया कि कृषि आयुक्तालय, राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार जिले में उर्वरक विक्रेताओं की बिक्री एवं स्टॉक की सघन निगरानी की जा रही है।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा विकसित फेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर्स सेल लागू करने वाले डीलरों एवं कृषि स्टॉकिस्ट को 19 नवंबर को आयुक्तालय स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुडना था। प्रशिक्षण संबंधी सूचना जारी होने के बाद जिले में यूरिया की 2 हजार 305 मीट्रिक टन एवं डीएपी की 560 मीट्रिक टन असामान्य बिक्री दर्ज की गई।

मीना ने बताया कि उर्वरकों की इस असामान्य बिक्री को गंभीरता से लेते हुए एफएफएमएस आईडी की रिपोर्ट के आधार पर सर्वाधिक उर्वरक बेचने वाले 29 विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। वहीं 1000 बैग से अधिक उर्वरक बेचने वाले दो विक्रेताओं के अनुज्ञापत्र अठिाम आदेशों तक निलंबित कर जवाब मांगा गया है। उन्होंने बताया कि 15 दिवस की निलंबन अवधि के दौरान उर्वरक बिक्री करने पर मैसर्स आशीष मोहनलाल एवं मैसर्स रविन्द्र कुमार ईश्वर के प्राधिकार पत्र निरस्त कर दिए गए हैं।

संयुक्त निदेशक ने बताया कि कृषि पर्यवेक्षकों एवं नोडल अधिकारियों के माध्यम से पॉस मशीन के रिकॉर्ड के अनुसार उर्वरक क्रय परिसर एवं गोदामों का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। इस प्रक्रिया में स्टॉक एवं बिक्री का मिलान कर अनियमितताओं की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अनियमित बिक्री में संलिप्त पाए जाने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने किसानों से उर्वरकों की खरीद केवल पंजीकृत विक्रेताओं से करने तथा प्रत्येक खरीद का बिल अवश्य प्राप्त करने की अपील की।

बयाना के जंगलों में फिर पहुंचा कूनो का चीता

पिछले तीन दिनों से चीते की बयाना इलाके में लगातार मूवमेंट बनी हुई है



झाड़ियों में छीता कूनो का चीता ।

बयाना भरतपुर (निसं)। बयाना के जंगलों में फिर पहुंचा कूनो का चीता केजीपी-13, नगला भांड के पास झाड़ियों में छिपा मिला है मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क से निकला चीता केजीपी -13 एक बार फिर बयाना क्षेत्र के जंगलों में पहुंच गया है।

पिछले तीन दिनों से चीते की बयाना इलाके में लगातार मूवमेंट बनी हुई है। सोमवार उसकी लोकेशन बयाना-भरतपुर स्टेट हाईवे पर गांव नगला भांड के पास मिली। बताया जा रहा है कि चीता दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग के नजदीक झाड़ियों में छिपा हुआ था। लोकेशन मिलते ही राजस्थान वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और निगरानी शुरू कर दी। डीएफओ चेतन कुमार बीवी ने बताया कि चीता चंबल के बीहड़ों और धौलपुर के जंगलों से होते हुए बंध बारैठा वन क्षेत्र में पहुंचा था। शुक्रवार को उसकी मौजूदगी बंध बारैठा के जंगलों में दर्ज की गई। इसके बाद गजनुआ गांव के आसपास भी उसकी गतिविधियां देखी गईं। पिछले तीन दिनों से वन विभाग की टीमें लगातार उसकी निगरानी कर रही हैं। चीते के गले में लगे जीपीएस सैटेलाइट कॉलर के जरिए उसकी लोकेशन ट्रैक की जा रही है। बयाना रेंजर पवन विधूड़ी ने बताया कि चीते की लोकेशन लगातार ट्रैक की जा रही है। कूनो नेशनल पार्क से विशेषज्ञों की टीम भी बयाना पहुंच रही है। मध्यप्रदेश की विशेषज्ञ टीम जो निर्णय लेगी, उसी के अनुसार आगे निगरानी और कार्रवाई की जाएगी।

मई के बाद दूसरी बार बंध बारैठा पहुंचा : चीता केजीपी -13 मई महीने के बाद दूसरी बार बंध बारैठा के जंगलों में पहुंचा है। इससे पहले भी वह इस क्षेत्र में करीब 15 दिन तक रहा था और जंगल के अलग-अलग हिस्सों में उसकी आवाजाही देखी गई थी।

वन विभाग ने ग्रामीणों से की सतर्क रहने की अपील : चीते की मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग ने आसपास के गांवों के लोगों से जंगल में अकेले नहीं जाने, चीते के नजदीक नहीं पहुंचने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की है। वन विभाग के अनुसार, अब तक चीते द्वारा किसी जानवर का शिकार किए जाने की सूचना नहीं मिली है।

वागड अंचल में पूर्वजों की याद में स्थापित करते है पत्थर की प्रतिमाएं

चौदस और देव दिवाली पर घर-खेत में बनवाते हैं पूर्वजों के सिरा

डूंगरपुर। जिले के वागड अंचल में दिवंगत पूर्वजों की याद में पत्थर की प्रतिमाएं बनाने की सदियों पुरानी परंपरा आज भी जारी है। दीपावली के बाद कार्तिक शुक्ल पक्ष की चौदस और देव दिवाली यानी पूर्णिमा पर इन प्रतिमाओं की स्थापना कर पूजा की जाती है। आदिवासी समाज में इन्हें सिरा बावसी कहा जाता है। अन्य समाजों में भी पूर्वजों की याद में सिरा स्थापित किए जाते हैं।

इस परंपरा में प्रतिमा का रूप मृतक की मृत्यु की परिस्थिति के अनुसार तैयार किया जाता है। परिजन शिल्पकारों को दिवंगत व्यक्ति की फोटो दिखाते हैं या उनके रूप और मृत्यु की स्थिति के बारे में बताते हैं।

शिल्पकार मिली जानकारी के आधार पर पत्थर पर मृतक की पहचान और जीवन से जुडी आकृतियां उकेरते हैं। ये प्रतिमाएं दिवंगत की स्मृति और आस्था का प्रतीक मानी जाती हैं। जिले के शिल्पकार ऐसी प्रतिमाएं बना रहे हैं। कुछ जगहों पर आज भी आमतौर पर सर्प के आकार वाले सिरे स्थापित किए जाते हैं।

समाज की मान्यताओं के अनुसार, मृत आत्मा परिवार के किसी विशेष सदस्य या स्नेही के माध्यम से घर में अपने इच्छित स्थान की जानकारी देती है। आदिवासी समाज में ऐसे माध्यम व्यक्ति को घोडा कहा जाता है।

माना जाता है कि आत्मा इसके जरिए घर या खेत में अपने पसंदीदा स्थान पर स्थापित होने का संकेत देती है, जिसके आधार पर परिजन उसी स्थान पर सिरा स्थापित करने की तैयारी करते हैं। मान्यता यह भी है कि आत्मा की इच्छा अनुसार मनचाहे स्थान व स्वरूप में प्रतिमा स्थापित करने से परिवार को उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है।

दीपावली और लाभ पंचमी के बाद चौदस व देव दिवाली का समय पूर्वजों की पूजा और प्रतिमा स्थापना के लिए बेहद शुभ माना जाता है। इसी के चलते इन दिनों सोमपुरा शिल्पकारों की दुकानों पर सिरा बनवाने और लेने के लिए लोगों की भीड उमड रही है।

परिजन तैयार प्रतिमाओं को गाजे-बाजे के साथ घर लाते हैं और विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद चौदस या पूर्णिमा को निर्धारित स्थान पर उनकी स्थापना करते हैं।

- डूंगरपुर। जिले के वागड अंचल में दिवंगत पूर्वजों की याद में पत्थर की प्रतिमाएं बनाने की सदियों पुरानी परंपरा आज भी जारी है। दीपावली के बाद कार्तिक शुक्ल पक्ष की चौदस और देव दिवाली यानी पूर्णिमा पर इन प्रतिमाओं की स्थापना कर पूजा की जाती है। आदिवासी समाज में इन्हें सिरा बावसी कहा जाता है। अन्य समाजों में भी पूर्वजों की याद में सिरा स्थापित किए जाते हैं।

बजरी से भरे डंपर की टक्कर से युवक की मौत

जोधपुर, (कासं)। लूणी थाना क्षेत्र में बजरी से भरे डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों युवक उछलकर सडक़ पर जा गिरे। मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को हॉस्पिटल लेकर गई, जहां एक युवक की मौत हो गई। वहीं, घायल का इलाज चल रहा है। डंपर ड्राइवर को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार हादसा लूणी थाने के पास का है, जिसमें बाला (बिलाड़ा) निवासी सुनील की मौत हुई है। पुलिस ने बताया कि बाइक सवार दो युवक थाने के पास गुजर रहे थे। इस दौरान तेज स्पीड में आ रहे बजरी डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सडक़ पर जा गिरे। आसपास के लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां सुनील की मौत हो गई। घायल को प्राथमिक इलाज के बाद जोधपुर के मथुरादास माथुर हॉस्पिटल रेफर किया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

भीलवाड़ा जिलेभर के स्कूलों में गूंजा तंबाकू मुक्त अभियान का संदेश

भीलवाड़ा। टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 4.0 के तहत जिलेभर के राजकीय विद्यालयों में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन कर विद्यार्थियों एवं आमजन को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सीपी गोस्वामी ने बताया कि टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन के तहत युवाओं को तंबाकू की लत से बचाने को लेकर उनमें स्वस्थ जीवनशैली की आदत विकसित करने तथा जनभागीदारी के माध्यम से तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में प्रभावी प्रयास विभागीय अधिकारियों व कार्मिकों द्वारा किये जा रहे है। अभियान के तहत स्वास्थ्य कार्मिकों द्वारा राजकीय विद्यालयों व आंगनबाडी केन्द्रों में विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। स्कूलों में आयोजित किए जा रहे सत्रों में विद्यार्थियों को तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों के सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों, स्वास्थ्य पर पडने वाले दुष्प्रभावों तथा इससे बचाव के उपायों की विस्तार से जानकारी दी जा रही है। सीएमएचओ डॉ. गोस्वामी ने बताया कि तंबाकू का सेवन मुंह, जीभ, गले, स्वरयंत्र एवं फेफड़ों के कैंसर का प्रमुख कारण है। इसके अलावा तंबाकू सेवन से हृदय रोग, हार्ट अटैक, स्ट्रोक, उच्च रक्तचाप, सांस संबंधी बीमारियां, मसूड़ों की बीमारी एवं दांतों का खराब होना जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। वहीं, तंबाकू चबाने से मुंह में सफेद दाग एवं मुंह कम खुलने जैसी गंभीर समस्याएं भी हो सकती हैं।

अस्पताल से चोरी हुई एंबुलेंस 108 जोधपुर में मिली

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर संभाग के सांचोर में सरकारी चिकित्सालय से 20 नंवबर की सुबह एक एंबुलैंस 108 चोरी हो गई। जिस पर सांचोर पुलिस के साथ संभाग भर में सूचना दी गई। रविवार को जोधपुर की कुड़ी भगतासनी पुलिस को सूचना मिली कि झालामंड स्थित धरती आंगन क्षेत्र के पास में एक एंबुलैंस लावारिश हालत में पड़ी है। इस पर पुलिस वहां पहुंची और बाद पता लगा कि गाड़ी सांचोर से चोरी हुई थी। पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली तब डेशबोर्ड में एक पिस्टल, मैज्जीन और तीन जिंदा कारतूस मिले। सांचोर में एंबुलैंस चोरी का प्रकरण दर्ज है, वहीं यहां कुड़ी भगतासनी पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ आम्र्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किया है। थानाधिकारी लेखराज सिहाग ने बताया कि 20 नवंबर को सांचोर के सरकारी अस्पताल से एक एंबुलैंस 108 की जानकारी मिली थी। तब जोधपुर संभाग के साथ जिले में भी नाकाबंदी करवाई गई थी। उसे ले जाने वाले दो शख्स का पता लगा था। हालांकि उनकी पहचान नहीं हुई है। रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि झालामंड स्थित धरती आंगन परिसर के पास में लावारिश हालत में एक एंबुलैंस पड़ी है। इस पर थाने से एएसआई भागीरथराम को भेजा गया। एएसआई भागीरथराम की तरफ से एंबुलैंस को चैक किया तो गाड़ी से एक देशी पिस्टल मय मैज्जीन, तीन जिंदा कारतूस मिले।

पुष्कर मेले में 'लगान शैली' क्रिकेट का रोमांच

पुष्कर। अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर पशु मेले में सोमवार, 23 नवंबर को स्थानीय खिलाड़ियों और विदेशी मेहमानों की टीम के बीच 'लगान शैली' क्रिकेट मुकाबला आयोजित किया गया। रोमांचक मुकाबले में स्थानीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विदेशी मेहमानों की टीम को आठ विकेट से पराजित किया। मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे और उन्होंने पूरे मुकाबले का भरपूर आनंद लिया।

पशुपालन विभाग, अजमेर के डॉ. कुलदीप अठावाल ने बताया कि इस बार विदेशी मेहमानों की संख्या कम होने के कारण उनकी टीम तैयार करने में कुछ कठिनाई आई।

पुष्कर मेला कुश्ती दंगल में विदेशी पहलवानों ने दिखाया दमखम, अंकित शर्मा और कृष्णा मालाकार बने मेला केसरी

पुष्कर। अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेले में सोमवार, 23 नवंबर को आयोजित पुष्कर मेला अजमेर केसरी कुश्ती दंगल-2026 में पहलवानों ने अपने दमखम और शानदार दांव-पेच से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। मेला मैदान में आयोजित प्रतियोगिता में भारतीय पहलवानों के साथ विदेशी पहलवानों ने भी अपनी कुश्ती प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुकाबले देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक जुटे।

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबलों में पुरुष वर्ग में अजमेर के अंकित शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुष्कर मेला केसरी का खिताब अपने नाम किया। वहीं महिला वर्ग में किशनगढ़ की कृष्णा मालाकार ने अपनी प्रतिद्वंद्वी पहलवान को हराकर पुष्कर मेला केसरी का खिताब जीता। विजेताओं को अतिथियों ने नकद पुरस्कार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में पुष्कर विधायक एवं कैबिनेट मंत्री सुरेश रावत, नगर परिषद सभापति राजेंद्र बाकोलिया और देहात भाजपा अध्यक्ष जीतमल प्रजापत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। आयोजकों ने उपसभापति लक्ष्मी देवी, पार्षद धर्मेंद्र नागौरा, हिमांशु कुमावत, मुकेश कुमावत, पंडित कैलाशनाथ दाधीच, तीर्थ पुरोहित माधव पाराशर, गोविंद पाराशर और अरुण पाराशर सहित अन्य अतिथियों का फूलमालाओं और स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया।

मंत्री सुरेश रावत ने कहा कि राजस्थान राज्य कुश्ती संघ ने प्रतियोगिता आयोजित कर पुष्कर मेले की भव्यता और गरिमा बढ़ाई है। कुश्ती के प्रति दर्शकों का उत्साह इस पारंपरिक खेल की लोकप्रियता को दर्शाता है। उन्होंने संघ अध्यक्ष राजीव दत्ता और आयोजन से जुड़ी पूरी टीम को बधाई दी। साथ ही देश-विदेश से आए खिलाड़ियों का आभार जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

राजस्थान राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता ने बताया कि पर्यटन विभाग और कुश्ती संघों के सहयोग से बड़े मेलों में इस प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इनका उद्देश्य ठामीण अंचलों की प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध करवाना और युवाओं का रुझान खेलों की ओर बढ़ाना है। स्थानीय पहलवानों को पुरस्कार राशि देकर प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि वे आगे चलकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकें। दत्ता ने कहा कि कुश्ती युवाओं में अनुशासन, शारीरिक क्षमता, आत्मविश्वास और खेल भावना विकसित करती है। मेलों में होने वाले मुकाबले पारंपरिक भारतीय खेलों को आमजन और दर्शकों से जोड़ने का भी अवसर देते हैं। प्रतियोगिता की घोषित रूपरेखा में पुरुषों के लिए अजमेर केसरी, कुमार, बसंत और अभिमन्यु तथा महिलाओं के लिए केसरी, कुमारी और किशोरी वर्ग रखे गए थे। पुरुष अजमेर केसरी के 74 से 130 किलोठााम भार वर्ग में प्रथम पुरस्कार 21 हजार रुपये निर्धारित किया गया था।

- पुरुष वर्ग में अजमेर के अंकित शर्मा ने जीता खिताब, महिला वर्ग में किशनगढ़ की कृष्णा मालाकार ने मारी बाजी; मंत्री सुरेश रावत ने आयोजन को बताया मेले की भव्यता बढ़ाने वाला

राज्यपाल बागड़े ने किया 54 द्वारों का गुरुकुल पुस्तक का विमोचन

बांसवाड़ा । राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने लोकभवन में जनजाति अंचल के युवा लेखक स्वप्निल एवं भाविक स्वाभाविक द्वारा रचित पुस्तक 54 द्वारों का गुरुकुल सनातन संस्कारों से राष्ट्र निर्माण पुस्तक का विमोचन किया।

यह पुस्तक भारतीय ज्ञान-परंपरा, गुरुकुल संस्कृति, नैतिक शिक्षा एवं सनातन जीवन-मूल्यों को केंद्र में रखकर व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की व्यापक संकल्पना प्रस्तुत करती है। पुस्तक में शिक्षा को केवल जीविकोपार्जन का माध्यम न मानकर चरित्र निर्माण, संस्कार संवर्धन और जीवन को सार्थक बनाने का आधार बताया गया है।

पुस्तक में वर्णित 54 द्वार जीवन के उन 54 मूल संस्कारों एवं मूल्यों के प्रतीक हैं जो मनुष्य के चरित्र निर्माण, कर्तव्यबोध, आत्मसंयम, अनुशासन, करुणा, राष्ट्रनिष्ठा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देते हैं। इसके माध्यम से लेखकों ने व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण तक की व्यापक संकल्पना को सरल, प्रेरणादायी एवं जीवनोपयोगी स्वरूप में प्रस्तुत किया है।

लेखकों का उद्देश्य भारतीय ज्ञान-विरासत, सनातन संस्कारों एवं नैतिक शिक्षा की समृद्ध परंपरा को वर्तमान पीढ़ ी से जोड़ना तथा युवाओं में चरित्र, कर्तव्य और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व की भावना जागृत करना है। विमोचन समारोह में आरपीआई के प्रदेश प्रभारी रमेश कुमार सैनी, साइबर एक्सपर्ट मानस त्रिवेदी, समाजसेवी विक्रम सैनी, डॉ शिवम अठावाल सहित गणमान्यजन मौजूदरहे। पुस्तक का प्रकाशन, संपादन विज्डम वर्ड्स पब्लिकेशन और हिंदुस्तान टाइम्स द्वारा किया गया है। जल्द ही यह अमेज़न पर पाठकों के लिए उपलब्ध रहेगीं। इस अवसर पर अतिथियों ने पुस्तक के प्रकाशन को भारतीय सांस्कृतिक चेतना, संस्कार आधारित शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण की दिशा में सराहनीय पहल बताया।

उदयपुर विभाग की कार्रवाई में अब तक डेढ़ करोड़ नगद बरामद

उदयपुर, (कास)। उदयपुर के एक उद्योगपति के यहां विभिन्न प्रतिष्ठानों पर 19 नवम्बर से आरंभ हुई आयकर विभाग कि कार्यवाही सोमवार को पांचवें दिन भी जारी रही।

उल्लेखनीय है कि आयकर विभाग की अन्वेषण शाखा ने 19 नवम्बर को उदयपुर के उद्योगपति रविन्द्र सिंह उर्फ रूबी के 28 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी जिसमें 12 ठिकानों पर आयकर टीमें अभी भी जांच कर रही हैं। इनमे रूबी की इंडियन फॉस्फेट लिमिटेड सहित अन्य कंपनियों, कारोबार, प्रोपर्टीज और मोहित पटेल, जितेन्द्र पटेल की पटेल फॉस्केम लिमिटेड भी शामिल है । सूत्रों के अनुसार अब तक हुई छापेमारी में आयकर विभाग को डेढ़ करोड़ रूपए नगद,5 करोड़ रूपए से अधिक कीमत के आभूषण और करोड़ों रूपए की प्रोपर्टीज में निवेश के दस्तावेज मिले हैं। टीमें सभी दस्तावेजों की जांच कर रही है।

मकान में लाखों के जेवरात चोरी करने वाले बुहाना के दो युवक हरियाणा पुलिस के हत्थे चढ़े

खेतड़ी (निसं)। हरियाणा के नारनौल क्षेत्र में मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने के मामले में झुंझुनूं जिले के बुहाना थाना क्षेत्र के दो युवकों को सीआईए नारनौल पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने कुल 5 लाख 2 हजार रूपए नकद बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अश्विनी निवासी गोपालपुरा, थाना बुहाना तथा बबलू उर्फ नवीन निवासी नरात, थाना बुहाना, जिला झुंझुनूं (राजस्थान) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी अश्विनी से 2 लाख 70 हजार रूपए तथा बबलू उर्फ नवीन से 2 लाख 32 हजार रूपए बरामद किए गए हैं।

दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी से क्षेत्र में हुई चोरी की अन्य वारदातों के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आई हैं। मामला नारनौल के अटेली थाना क्षेत्र के गांव अटाली का है। गांव निवासी ओमप्रकाश ने 19 सितंबर को थाना अटेली में शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह 7 सितंबर को अपनी पत्नी के साथ गुरूग्राम में रह रहे बेटे के पास गया हुआ था।

इसी दौरान 18 सितंबर की शाम उसके भतीजे ने फोन कर मकान का ताला टूटा होने की सूचना दी। घर पहुंचकर जब सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई तो 15 सितंबर की रात करीब 3 बजे दो अज्ञात व्यक्ति मकान में घुसते हुए दिखाई दिए। चोर घर से सोने का मंगलसूत्र, चार जोडी कानों के बाले व झुमकियां, एक बोरला, पांच अंगूठियां तथा चांदी की तीन जोडी पाजेब चोरी कर ले गए थे। शिकायत के आधार पर अटेली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपी गांव भांखरी में हुई चोरी की एक अन्य वारदात के मामले में थाना सदर नारनौल पुलिस द्वारा पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके थे और नसीबपुर जेल में बंद थे। अटाली गांव में हुई चोरी के मामले की जांच के दौरान सीआईए नारनौल ने दोनों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया और अदालत से तीन दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों आरोपियों द्वारा महेंद्रगढ़ क्षेत्र में करीब 5 से 7 चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात सामने आई है।

पुलिस अब इन वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है। इनके खिलाफ राजस्थान के झुंझुनूं जिले के सिंघाना और बुहाना पुलिस थानों में चोरी सहित अन्य धाराओं में मामले दर्ज बताए गए हैं। अश्विनी के खिलाफ चार तथा बबलू उर्फ नवीन के खिलाफ तीन मामले दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से बरामद नकदी और अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है। पुलिस रिमांड की अवधि पूरी होने के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा।



आभूषण चोरी करने के मामले में झुंझुनूं जिले के बुहाना थाना क्षेत्र के दो युवकों को सीआईए नारनौल पुलिस ने गिरफ्तार किया है।